वियोज्य DETACHABLE

# राजनीति विज्ञान और अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध (प्रश्न-पत्र I)

# POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS (Paper I)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>*Time Allowed : Three Hours* | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

दृष्टि The Vision

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणी लिखिए :
Comment on the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) राजनीतिक थियोरी का पुनरुत्थान ।
Resurgence of political theory. 10

1.(b) राज्य की बहुवादी थियोरी ।
Pluralist theory of the State. 10

1.(c) विचारधारा का अंत्य वादविवाद ।
End of Ideology debate. 10

1.(d) विमर्शी लोकतंत्र ।
Deliberative democracy. 10

1.(e) एम के गाँधी की स्वराज की संकल्पना ।
M. K. Gandhi's concept of Swaraj. 10

2.(a) प्लैटो के आदर्शवाद पर अरस्तू की मीमांसा को स्पष्ट कीजिए ।
Explain Aristotle's critique of Plato's Idealism. 20

2.(b) न्याय पर समुदायवादी परिप्रेक्ष्यों का परीक्षण कीजिए ।
Examine communitarian perspectives on justice. 15

2.(c) स्वतंत्रता की नकारात्मक और सकारात्मक संकल्पनाओं की तुलना कीजिए ।
Compare negative and positive concepts of liberty. 15

3.(a) ग्रामसी के अनुसार, "प्राधान्य मुख्यतः सहमति के आयोजन पर आधारित है ।" टिप्पणी कीजिए ।
According to Gramsci, 'hegemony is primarily based on the organisation of consent.' Comment. 20

3.(b) राज्य के तत्त्वों पर कौटिल्य के विचारों की विवेचना कीजिए ।
Discuss Kautilya's views on the elements of the State. 15

3.(c) उदारतावादी नारी-अधिकारवाद और उग्रवादी नारी-अधिकारवाद के बीच विभेदन कीजिए ।
Distinguish between liberal feminism and radical feminism. 15

4.(a) हन्ना आरेन की श्रम, कार्य और कर्म (क्रिया) की संकल्पनात्मक तिकड़ी का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine Hannah Arendt's conceptual triad of labour, work and action. 20

4.(b) 'सर्वोत्तम युक्ति के रूप में अधिकार' के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए ।
Discuss the doctrine of 'rights as trumps'. 15

4.(c) मार्क्सवाद की समकालीन प्रासंगिकता क्या है ?
What is the contemporary relevance of Marxism ? 15

दृष्टि The Vision

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) संविधान निर्माताओं के मन में शायद भारत की एकता और अखण्डता अकेला एक सर्वोच्च कारक थी। टिप्पणी कीजिए।

Unity and integrity of India was perhaps the single uppermost factor in the minds of the Constitution makers. Comment. 10

5.(b) भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में दलित परिप्रेक्ष्य। विवेचना कीजिए।

Dalit perspective on Indian national movement. Discuss. 10

5.(c) सांविधानिक अधिदेश के बावजूद, अन्तर-राज्य परिषद का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है। व्याख्या कीजिए।

Despite constitutional mandate the Inter-State Council has not come of age. Discuss. 10

5.(d) राजनीतिक विकेन्द्रीकरण के मुकाबले तृणमूल स्तर पर प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण नहीं हुआ है। व्याख्या कीजिए।

Political decentralization has not been matched by administrative decentralization at the grass roots level. Explain 10

5.(e) चिपको आन्दोलन के महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write short note on the significance of Chipko Movement. 10

6.(a) भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन साम्राज्य विरोधी था जो अपने सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक उग्रवादी हो रहा था। स्पष्ट कीजिए।

National movement in India was anti-imperialist and increasingly radical in its socio-economic and political programmes. Discuss. 20

6.(b) भारत में हरित क्रांति का राजनीतिक परिणाम क्या हुआ है ? स्पष्ट कीजिए।

What has been the political fallout of the Green Revolution in India ? Explain. 15

6.(c) हमारे विधिकर्ताओं का बदलता सामाजिक-आर्थिक चरित्र-चित्रण भारतीय लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ नहीं है। टिप्पणी कीजिए।

The changing socio-economic profile of our legislators does not augur well for the health of Indian democracy. Comment. 15



दृष्टि The Vision

दृष्टि The Vision

**7.(a)** **हाल के चुनावों में, विकास ने जाति के प्रभाव को मतदान व्यवहार में आच्छादित कर दिया है। विवेचना कीजिए।**

Development has overshadowed the influence of caste in electoral behaviour in recent elections. Discuss. 20

**7.(b)** भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक सरकार की जवाबदेही को बढ़ाता है एवं सरकार के वित्तों के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। स्पष्ट कीजिए।

The Comptroller and Auditor-General of India enhances the accountability of the Government and serves as the watchdog of the finances of the Government. Explain. 15

**7.(c)** राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका का संक्षेप में विवेचन कीजिए। क्या आप सोचते हैं कि यह एक दंत विहीन संस्था है ?

Discuss, in brief, the role of the National Commission for women. Do you think it is a toothless organization ? 10+5=15

**8.(a)** "आधारिक संरचना का सिद्धान्त भारत के संविधान में अंतर्निहित है; उच्चतम न्यायालय ने इसे केवल एक सुस्पष्ट रूप प्रदान किया है।" टिप्पणी कीजिए।

"The basic structure doctrine is implicit in the Indian Constitution; the Supreme Court has only given it an explicit form." Comment. 20

**8.(b)** प्रधानमंत्री का कार्यालय (पी.एम.ओ.) भारत में सर्वाधिक शक्तिशाली संस्था के रूप में उभर कर आया है। चर्चा कीजिए।

Prime Minister's Office (PMO) has emerged as the most powerful institution in India. Discuss. 15

**8.(c)** उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के युग में, राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the relevance of the Directive Principles of State Policy in an era of liberalization and globalization. 15

---